# पाठ 1. परितंत्र का निर्माण

## अभ्यास

**प्रश्न - 1 निम्न प्रशनो के उत्तर दीजिये -**

**1. परितंत्र क्या है ?**

उत्तर – परितंत्र वह तंत्र हें जिसमें सभी जीवधारी आपस में मिलकर रहते है तथा अपना आवास, भोजन आदि बांटते है |

**2. प्राक्रतिक पर्यावरण से आप क्या समझते है?**

उतर- वे सभी वस्तुंए जो हमारे आस-पास प्राक्रतिक रूप में उपलब्ध हैं सम्मिलित रूप से प्राक्रतिक पर्यावरण का निर्माण करते हैं|

**3. पर्यावरण के प्रमुख घटक कौन-कौन है?**

उतर- पर्यावरण के प्रमुख घटक इस प्रकार है -

(i) प्राक्रतिक घटक (ii) मानव घटक (iii) मानव की परस्पर क्रियाएं एवं उनकी गतिविताधियाँ|

**4. मानव निर्मित पर्यावरण के तीन उदारण दीजिए?**

उतर- सड़के, पुल, पार्क, घर आदि मानव निर्मित पर्यावरण के उदारण हैं|

**5. स्थलमंडल क्या हैं?**

उतर- प्रथ्वी की ठोस  या कटोर ऊपरी परत को स्थालामंडल कहते हैं|

**6. जीवीय पर्यावरण के दो प्रमुख घटक क्या हैं?**

उतर- जीवीय पर्यावरण के दो प्रमुख घटक जिव-जंतु हैं|

**7. जीवमंडल क्या हैं?**

उतर- प्रथ्वी का वह संकीर्ण क्षेत्र जहाँ स्थल, वायु एवं जल मिलकर जीवन संभव बनाते हैं|

**प्रश्न - 2 सही उतर चिह्न कीजिए?**

**(क) इनमें कौन - सा प्राक्रतिक परितंत्र हैं?**

(i) मरुस्थल (ii) ताल (iii) वन

**(ख) इनमें से कौन - सा मानवीय पर्यावरण का घटक नहीं हैं?**

(i) स्थल (ii) धर्म (iii) समुदाय

**(ग) इनमें से कौन - सा मानव निर्मित पर्यावरण हैं?**

(i) पहाड़ (ii) समुद्र (iii) सड़क

**(घ) इनमें से कौन - सा पर्यावरण के लिए खतरा हैं?**

(i) पादप-वृद्धि (ii) जनसंख्या-वृद्धि (iii) फसल-वृद्धि

**प्रश्न3- निम्नलिखित स्तंभों को मिलकर सही जोड़े बनाईए-**

(क) जेसमंडल (I) प्रथ्वी को घेरने वाली वायु की चादर

(ख)वायुमंडल (ii) जलीय क्षेत्र

(ग)जलमंडल (iii)हमारे आस-पास का क्षेत्र

(iv)वह संकीर्ण क्षेत्र जहाँ स्थल,जल एवं वायु पारस्परिक क्रिया करते हैं| (घ)पर्यावरण

**प्रश्न4-कारण बताइए**

**(क)मानव आपने पर्यवरण में परिवर्तन करता हैं?**

उतर- (i) उदहारण के लिए वह भूमि प्राप्त करने के लिए जंगल को काट रहे हैं और वहाँ घर एवं बस्तियाँ बसा रहे हैं|

(ii)वह बिजली उत्पादन हेतु बाध बनाते हैं|

**(ख) पौधे एवं जिव-जंतु एक-दुसरे पर आश्रित हैं?**

उतर- (i)पेड़ जानवरों को सास लेने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं|

(ii) ये पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं तथा जानवरों को जीवन प्रदान करते हैं|

(iii) मरे व सड़े-गले जानवर पेड़ो के विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं|

**अतरिक्त प्रश्नोत्तर**

**प्रश्न1-पर्यावरण क्या हैं?**

उतर- किसी भी जीवित प्राणी के चोरो ओर पाए जाने वाले लोग स्थल,वस्तुए एवं प्रकृति पर्यवरण कहते हैं|

**प्रश्न2- हमारे पर्यावरण क्यों बदल रहा हैं?**

उतर- मानव की आवश्यकताएँ समय के साथ बदल रही हैं इन आवश्यकताओ को पूरा के लिए मानव पर्यावरण को बदल रहे हैं

**प्रश्न3- दो प्रकार के पर्यावरण कौन-से हैं?**

उतर- दो प्रकार के पर्यावरण हैं-

(i) प्राक्रतिक पर्यावरण (ii) मानव निर्मित पर्यावरण

**प्रश्न4- मानवीय पर्यावरण से आप क्या समझाते हैं?**

उतर- मानवीय पर्यावरण में मानव की परस्पर क्रियाएँ उनकी गतिविधियाँ एवं उनके द्वारा बनाई गई रचनाएँ सम्मिलित होती हैं|

**प्रश्न5- प्राक्रतिक पर्यावरण के घटकों के कुछ उदहारण दीजिए|**

उतर- स्थलमंडल,जलमंडल,वायुमंडल एवं जैवमंडल प्राक्रतिक पर्यावरण के घटकों के उदाहरण हैं|

**प्रश्न6- प्रमुख सस्थालाक्रतियो के नाम बताईए| ये कहा पाई जाती हैं|**

उतर- (i)- पहाड़,पठार,मैदान,घाटी आदि कुछ प्रमुख स्थलाकृतिया

(ii)-ये महादीपो तथा महासागरो की सतह पर पाई जाती हैं|

**प्रश्न7- जलमंडल से आप क्या समझते हैं?**

उतर- नदी,झील,समुद्र,महासागर आदि जैसे विभिन्न जलाशय सम्मिलित रूप से जलमंडल बनाते हैं|

**प्रश्न8- वायुमंडल क्या हैं?**

उतर- पृथ्वी के चारो ओर फैली वायु की पतली परत को वायुमंडल कहते हैं|

**प्रश्न9- पर्यावरण के क्षेत्र बताइए?**

उतर- स्थलमंडल,जलमंडल,वायुमंडल एवं जैवमंडल पर्यावरण के प्रमुख क्षेत्र हैं|

**प्रश्न10- स्थलमंडल हमारे लिए किस प्रकार आवश्यक हैं?**

उतर- स्थमंडल हमारे लिए निम्नलिखित कारणों से आवश्यक हैं-

(i)यह हमें वन एवं पशुओं के चराने के लिए घास स्थल प्रदान करते हैं|

(ii)यह क्रषि एवं मानव बस्तियो के लिए भूमि प्रदान करते हैं|

(iii)यह खनिज संपदा का भी स्रोत हैं|